मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम:

शिक्षा विभाग के माध्यम से राज्य के सभी प्राथमिक-मध्य विद्यालयों में (सरकारी, निजी एवं मदरसा सहित) मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों में आपदाओं के जोखिमों की पहचान एवं उनके कुप्रभावों को कम करने के उपायों की समझ एवं क्षमता विकसित करना, बच्चों का कौशल विकास करना तथा बच्चों के माध्यम से राज्य में आपदाओं से सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना है। शिक्षा विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार अभी तक 79047 विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके तहत बच्चों को आपदाओं से बचाव की जानकारी दी गई। सुरक्षित गुरुवार के तहत बच्चों को कोरोना से बचाव के तरीके बताए गए। 2664 मदरसों के फोकल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। ये बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप पूरी एक पीढ़ी को आपदाओं के प्रति हर दृष्टि से जागरूक कर

देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है ।

नव प्राथमिक विद्यालय सिरमाटीकर
संकुल – खड़हरा, प्रखंड – बाराहाट
जिला – बांका (बिहार)